**भारत सरकार**
**रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय**
**औषध विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1343**
**दिनांक 09 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता**

**1343. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः**

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार जेनेरिक दवाओं को सस्ते दामों पर उपलब्ध कराने के लिए कोई विशेष योजना कार्यान्वित कर रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या देश में सस्ती कीमतों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वितरण केन्द्रों की स्थापना की जा रही है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) गुजरात में विशेषकर दाहोद जिले में ऐसे कितने वितरण केन्द्र हैं?

**उत्तर**
**रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री (श्री भगवंत खुबा)**

**(क) और (ख):** सभी को किफायती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से, भारत सरकार के रसायन और उर्वरक मंत्रालय के औषध विभाग द्वारा 'प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी)' का शुभारंभ किया गया था। इस योजना के तहत, जनता को जेनेरिक दवाएं प्रदान करने के लिए देश भर में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) के रूप में जाने जाने वाले समर्पित आउटलेट खोले गए हैं।

**(ग) और (घ):** प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत, दिनांक 31.01.2024 तक, देश भर में 10,624 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) खोले गए हैं, जो लोगों को किफायती कीमतों पर जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराते हैं। देश भर में खोले गए पीएमबीजेके की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है।

**(ङ):** दिनांक 31.01.2024 की स्थिति के अनुसार, दाहोद जिले में 05 केंद्रों सहित गुजरात राज्य में 628 केंद्र खोले जा चुके हैं।

<u>अनुलग्नक</u>

**जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता के संबंध में श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर द्वारा पूछे जाने वाले दिनांक 09.02.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1343 के भाग (ग और घ) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित विवरण**

| दिनांक 31.01.2024 की स्थिति के अनुसार खोले गए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार पीएमबीजेके | | |
|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **पीएमबीजेके की संख्या** |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 9 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 225 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 30 |
| 4 | असम | 121 |
| 5 | बिहार | 517 |
| 6 | चंडीगढ़ | 11 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 223 |
| 8 | दिल्ली | 405 |
| 9 | गोवा | 14 |
| 10 | गुजरात | 628 |
| 11 | हरियाणा | 296 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 70 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 280 |
| 14 | झारखण्ड | 106 |
| 15 | कर्नाटक | 1082 |
| 16 | केरल | 979 |
| 17 | लद्दाख | 2 |
| 18 | लक्षदीप * | 0 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 342 |
| 20 | महाराष्ट्र | 606 |
| 21 | मणिपुर | 42 |
| 22 | मेघालय | 19 |
| 23 | मिजोरम | 12 |
| 24 | नागालैंड | 20 |
| 25 | ओडिशा | 504 |
| 26 | पुडुचेरी | 25 |

| | | |
|---|---|---|
| 27 | पंजाब | 348 |
| 28 | राजस्थान | 251 |
| 29 | सिक्किम | 7 |
| 30 | तमिलनाडु | 913 |
| 31 | तेलंगाना | 194 |
| 32 | दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | 35 |
| 33 | त्रिपुरा | 25 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 1691 |
| 35 | उत्तराखंड | 234 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 358 |
| **कुल** | | **10,624** |

* लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन को दवाइयों की सीधी आपूर्ति की जाती है।

*****